श्रीराधिका पाठावली

सम्पादक : गोपालचन्द्र घोष

वृन्दावन शोध संस्थान, वृन्दावन (भारत)

Sri Radhika Pathavali : Stotras dedicated to Radharani selected from old handwritten books preserved at the Vrindaban Research Institute, Vrindaban

आवरण चित्र –
श्रीनृत्यगोपाल शर्मा, चित्रकार द्वारा साभार

प्रकाशक :
वृन्दावन शोध संस्थान
रमणरेती, वृन्दावन–२८११२१ (उ. प्र.) भारत
दूरभाष : ०५६५–२५४०६२८, फैक्स : २५४०२७६
Website : www.thevri.org
email : vrivbn@sancharnet.in

© वृन्दावन शोध संस्थान, वृन्दावन
प्रथम संस्करण : २००३

मूल्य रु. १००/– एक सौ रुपये

मुद्रण–संयोजन : चित्रलेखा
बाग बुन्देला, लोई बाजार, वृन्दावन–२८११२१, दूरभाष : २४४२४१५

समर्पण

कलियुग पावनावतार प्रेम पुरुषोत्तम भगवान् श्रीकृष्णचैतन्य महाप्रभु, जो कि नीलाचल श्रीजगन्नाथपुरी में 'गम्भीरा' नामक एक क्षुद्र प्रकोष्ठ में अन्तिम द्वादश वर्ष पर्यन्त राधाभावसिन्धु में निमग्न रहे, उन्हीं की पावन सन्निधि में यह 'श्रीराधिका-पाठावली' श्रद्धार्घ स्वरूप समर्पण।

दीन-
सम्पादक

।। जय श्रीश्रीराधाकान्त।।

STD - 06752
Phone : 232403

Mahant

Sri Dhyan Chandra Das Goswami

Sri 'Gambhira' Sri Radhakant Math
Puri-752001 (Orissa)

Date : 03.02.03

श्री श्री राधिकापाठावली नामक ग्रन्थ का प्रकाशन कर, वृन्दावन शोध संस्थान करुणामयी श्री श्री राधारानी के परम कृपा के भागी हैं; निसन्देह। इस ग्रन्थमें श्री राधातापनी श्री राधिकोपनिषद विभिन्न पुराण एवं यामलों से राधा स्तुति एवं अष्टक तथा सनत्कुमारसंहिता के राधासहस्रनाम, राधायन्त्र एवं विधि और मध्ययुगीन प्रणम्य आचार्यचरणों द्वारा रचित अष्टक एवं स्तोत्रावली से सुसज्जित यह ग्रन्थ भक्तहृदय को सदा आनन्द एवं कृपा से सरोवर रखे यही कामना करता हूँ।

इस ग्रन्थ के सम्पादक श्री गोपालचन्द्र घोष, साहित्यरत्न एवं संस्थान के सभी कार्यकर्ताओं को मेरी शुभेच्छा है कि वे भविष्य में इस प्रकार प्रकाशन करते रहें। जै श्रीराधे!

3.2.03

दो शब्द

योगेश्वरेश्वर लीलापुरुषोत्तम भगवान् श्रीकृष्ण के सम्बन्ध में ब्रह्मसंहिता में "अनादिरादिर्गोविन्द सर्वकारणकारणं" निरूपण किया गया है। सच्चिदानन्दमय प्रभु के लीला, रूप, गुण, महिमा गोपाल–तापनी उपनिषद्, कृष्णोपनिषद् तथा पुराणों में वर्णित है। उनका प्रत्येक कार्य भक्तजनों के सुखविधान, गो–ब्राह्मण तथा धर्म की रक्षा में निहित है। उनकी पराशक्ति राधातत्त्व अति गूढ़ है। अनादिकाल से उपासना, चिन्तन एवं ध्यान का विषय रहा है। वैष्णव सम्प्रदायों में असंख्य भक्त साधकों ने विभिन्न अष्टक, स्तव–स्तोत्र द्वारा उनकी उपासना की है। विभिन्न पुराणों में राधा स्तोत्र कवचादि प्राप्य है। जगद्गुरु आद्य शंकराचार्यपाद ने यमुना अष्टक में राधा के साथ मुरारि को यमुना में विहार करते हुए वर्णन किया गया है। अन्य कृष्णाष्टकों आदि में राधा का नामोल्लेख है।

वृन्दावन शोध संस्थान के संस्थापक सभापति स्व. रामदास गुप्त हिन्दी साहित्य के विद्वान् ही नहीं लन्दन विश्वविद्यालय में शिक्षक भी थे। स्वयं में कवि हृदय, भावुक भक्त भी थे। सन् १६७८ में उन्हें कुछ गोस्वामीवर्ग एवं साधु समाज के महन्तों ने कहा कि डाक्टर साहब ! बड़े–बड़े सूचीपत्र तथा शोध ग्रन्थों को तो आप प्रकाशित करने जा रहे हैं, परन्तु वृन्दावन के भक्तहृदय जनसाधारण के पाठ–पूजा में कुछ सहायक लघु ग्रन्थों के प्रकाशन पर ध्यान दें। प्रारम्भिक काल से सम्बद्ध संस्थान के पुस्तकालयाध्यक्ष गोपालचन्द्रघोष को "गोपाल पाठावली" तैयार करने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने निष्ठा के साथ महत्त्वपूर्ण पाठों का एक संकलन तैयार किया। "गोपाल पाठावली" के नाम से वह प्रकाशित हो गया। वह अति अत्यधिक जनप्रिय हुआ एवं अनेक स्थलों में नित्य पाठ का अंग बन गया। इसी शृंखला में

"राधापाठावली" का संकलन आपके समक्ष प्रस्तुत है। इस पाठावली में सभी सम्प्रदायों एवं पुराणादि से उद्धृत करके परिचयात्मक टिप्पणी एवं भूमिका के साथ प्रस्तुत किया गया है। चैतन्य सम्प्रदाय के आचार्यों द्वारा रचित अनेक अष्टक, स्तोत्रादि का इसमें समावेश नहीं किया जा सका। श्रीजी की कृपा हुई तो अगले प्रकाशन में समावेश करने का प्रयास करेंगे। जगन्नाथपुरी धाम श्रीराधाकान्त मठ 'गम्भीरा' के महन्त राजगुरु श्रीपाद ध्यानचन्द्रदास गोस्वामीजी ने अपना अभिमत प्रदान कर अनुग्रहीत किया। यह वही स्थान है, जहाँ प्रेमावतार श्रीचैतन्यदेव बारहवर्ष तक राधाभावसिन्धु में निमग्न रहे। उस स्थान पर उनके स्मृति चिह्न 'पादुका, आसन, कन्था, जलपात्र' आदि सुरक्षित हैं।

संस्थान के सहकर्मियों एवं श्रीहरिनाम प्रेस के डॉ. गिरिराज नांगिया व डॉ. भागवतकृष्ण नांगिया को धन्यवाद देते हैं। उन्होंने बहुत ही मनोनिवेश के साथ इस कार्य का सम्पादन किया। संस्थान के समस्त पदाधिकारी, ग्रन्थदाता तथा हितैषीवृन्दों का आभार व्यक्त करते हैं। संस्थान के मानद सभापति श्रीमान रमेशचन्द्र त्रिपाठी, भूतपूर्व सचिव, लोकसभा दिल्ली, संस्थान के मानद सचिव श्रीमान राजकुमार गुप्त, एडवोकेट अलीगढ़, तथा संस्थान के भूतपूर्व निदेशक एवं हितैषी डॉ. नरेशचन्द्र बंसल के सुझाव एवं सहयोग के लिये आभार व्यक्त करते हैं। विश्वास है, पाठकवृन्द इस नित्य पाठोपयोगी पुस्तक से लाभ प्राप्त करेंगे।

आर. डी. पालीवाल
निदेशक
वृन्दावन शोध संस्थान

प्राक्कथन

राधा एवं कृष्ण के सम्बन्ध में, ऐतिहासिकता की पृष्ठभूमि में भारतीय एवं पाश्चात्य विद्वानों द्वारा बहुत कुछ अध्ययन किया गया है तथा सभी भाषाओं में शोध प्रबन्धों का विस्तार भी हुआ है। राधा एवं कृष्ण का उल्लेख भारतीय वाङ्मय में अति प्राचीन है। यह तो निःसन्देह कहा जा सकता है कि, राधा और कृष्ण के मध्यकालीन उद्भावित स्वरूप चिन्तन के पीछे शताब्दियों की मान्य परम्परायें निहित हैं। शास्त्रीय एवं आचरण उभय पक्षों में राधाकृष्ण तत्त्व का विवेचन होता आया है। विभिन्न वैष्णव सम्प्रदायों में श्रीराधा के स्वरूप एवं उपासना की मान्यतायें पृथक्–पृथक् रही हैं। बंगाल के प्रसिद्ध साहित्यिक डॉ. शशिभूषणदास गुप्त ने "राधा का क्रम विकास" ग्रन्थ में राधा का क्रमिक विकास के सम्बन्ध में जो विवेचन किया है, वह शोध की दृष्टि में स्तुत्य प्रयास है। वैष्णव सम्प्रदायों, विशेषकर व्रज के रसिक सम्प्रदायों द्वारा उद्भावित एवं उपासित राधातत्त्व का पुष्ट विवेचन नहीं हो पाया है। हिन्दी जगत् में डॉ. द्वारिकाप्रसाद मीतल का शोध ग्रन्थ "हिन्दी साहित्य में राधा" तथा वृन्दावन निम्बार्क शोध मण्डल, श्रीजीकी बड़ी कुञ्ज, वृन्दावन से प्रकाशित मासिक सर्वेश्वर के 'राधा अंक' में एवं गो० पण्डित विद्यावागीश जी शास्त्री का राधासप्तशती एवं स्वामी हरिहरानन्द करपात्री जी कृत 'राधा सुधा' में ब्रज रसिक सम्प्रदायों की दृष्टि में राधातत्त्व पर गंभीर आलोक–पात किया गया है।

राधा शब्द 'राध्' संसिद्धौ धातु से बनता है। इसी तरह "राधस्" शब्द भी 'राध्' धातु से बनता है। राध् धातु से उणादि सूत्र में अस् हो जाने से राधस् ऐसा रूप बन जाता है। उसके तृतीया के एक वचन में राधसा ऐसा हो जाता है यानी राधा शब्द के तृतीया के एक वचन का राधया और राधस् शब्द के तृतीया के एक वचन का रूप राधसा

वेदों में राधा शब्द का प्रयोग कई स्थान पर है तथा एक मन्त्र ऋग्वेद एवं सामवेद में तथा अथर्ववेद में समान रूप से उपलब्ध है। विभिन्न विद्वानों ने इसका विरोध किया है, किन्हीं विद्वान् के मत से नक्षत्र आदि से है और कोई इन्द्र के विशेषण रूप में माना है। हालांकि वेदमूर्ति ब्रह्मलीन स्वामी गुरु गंगेश्वरानन्द जी महाराज ने, वेद के उन मन्त्रों को श्रीकृष्ण एवं श्रीराधा परक स्वीकार किया है। श्रौतमुनि आश्रम, वृन्दावन से "वेदज्योति नामक वृहदाकार अभिनन्दन ग्रन्थ में उनका एक लेख में विवेचन हुआ है। पद्मपुराण पाताल खण्ड में (श्लोक ५०/५३–५७) तक श्रीराधाकृष्ण को परतत्त्व होने का पुष्ट प्रमाण नारद के वचनों में दर्शाया है उनमें से एक श्लोक जो कि चैतन्यचरितामृत में उद्धृत किया गया है–

"देवी कृष्णमयी प्रोक्ता राधिका परदेवता।
सर्व लक्ष्मी स्वरूपा सा कृष्णाह्लाद स्वरूपिनी।।"

विष्णुपुराण में पराशर मुनि भागवत की भाँति राधा का स्पष्ट उल्लेख नहीं करते हैं, परन्तु पंचम अंश के अध्याय तेरह श्लोक संख्या २३ से ४१ तक गोपियों के साथ–साथ कृष्ण की लीला में एक विशेष प्रेम पात्र सखी का वर्णन करते हैं–

"कापि तेन समायाता कृतपुण्या महालसा।
पदानि तस्याश्चैतानि घनान्यल्पतनूनि च।।"

(विष्णुपुराण, पंचम अंश, अः १३ श्लोक ३३)

श्रीमद्भागवत में द्वितीय स्कन्ध के चतुर्थ–अध्याय में शुकदेव जी मंगलाचरण में कहते हैं–

"नमो नमस्तेऽस्त्वृषभाय सात्वतां
विदूरकाष्ठाय मुहुः कुयोगिनाम्।
निरस्त साम्यातिशयेन राधसा,
स्वधामनि ब्रह्मणि रम्यते नमः।।"

अर्थात् सात्वत्–भक्तों के पालनकर्त्ता, कुयोगिओं के लिए ज्ञान से परे उन मंगलमय प्रभु को नमस्कार करते हैं वे भगवान् कैसे हैं?

दोनों का एक ही अर्थ होता है। गर्ग संहिता में वर्णन आया है कि–श्रीनन्दनन्दन के पावन नाम रूप का स्मरण करती हुई, एवं उनके चरणकमलों में अपने चित्त को समाहित किये हुए, गोपियाँ श्रीकृष्णमयी हो गईं। इसमें कोई आश्चर्य नहीं है, क्योंकि भृंगी कीट जैसे छोटे कीट को लाकर अपने मिट्टी के विल में रख कर तादात्मता प्रदान कराता है, और वह छोटा कीट उसका चिन्तन करते–करते, उसीका रूप धारण कर लेता है। यथा–

"श्रीकृष्णेति कृष्णेति गिरा वदन्त्यः, श्रीकृष्ण पादाम्बुजलग्नमानसाः,
श्रीकृष्णरूपास्तु वभूउरंगना,-श्चित्रं न पेश्यस्कृत कीटवत्।।"

–गर्ग संहिता

श्रीमद्भागवत दशमस्कन्ध में कहा गया है–

"अनयाऽऽराधितो नूनं भगवान् हरिरीश्वरः।
यन्नोविहाय गोविन्दः प्रीतो यामनयद् रहः।।"

(श्रीमद्भागवत १० ।३० ।२८)

उपरोक्त श्लोक की टीका सनातन गोस्वामी पाद ने की है, विश्वनाथ चक्रवर्त्तीपाद ने भी विस्तार से की है। श्रीजीव पाद ने लघु वैष्णव तोषणी में, क्रम सन्दर्भ टीका में लिखा है कि–**"राधयति आराधयतीति राधा राधेति नामकरणाश्चदर्शितं"** अर्थात् जो आराधन करे उसे राधा कहते हैं, श्रीकृष्ण को इन्होंने ही रिझाया है और आराधना करके स्ववश कर लिया है। कृष्ण इनकी आराधना करते हैं या ये कृष्ण की आराधिका है इस कारण से इन्हें 'राधा' कहा गया है। श्रीकृष्ण की आत्मा श्रीराधा है और श्रीराधा की आत्मा श्रीकृष्ण हैं। चैतन्यचरितामृत रचयिता कृष्णदास कविराज गोस्वामी कहते हैं कि–**"राधाकृष्ण एक आत्मा दुई देह धरी। अन्यान्ये विलसे रस आस्वादन करि।।"** अर्थात् राधाकृष्ण एक आत्मा हैं अभेद हैं, लीला रस आस्वादन हेतु पृथक् कलेवर धारण किये हुए हैं। कृष्णोपनिषद् में उल्लेख है कि–**"वामांग सहिता देवी राधा वृन्दावनेश्वरी। सुन्दरी नागरी गौरी कृष्ण ह्रद्भृंग मंजरी"**।

स्वधामनि, अपने धाम वृन्दावन में राधसा अर्थात् श्रीराधा के साथ विहार करने वाले हैं। वह राधा कैसी हैं ? जिनसे बढ़कर तो क्या, समानता करने वाला भी कोई नहीं है।

भागवत के मर्मज्ञ टीकाकार श्रीविश्वनाथ चक्रवर्त्ती 'सारार्थदर्शिनी, में लिखते हैं–

"राधयतीति राधेति नाम व्यक्तिर्बभूवेति
मुनि प्रयत्नेन तदीय नामाप्यधात् परं।
किन्तु तदास्या चन्द्रास्स्वयं निरोतिस्म कृपानु,
तस्या सौभाग्यं मेर्य्या इव वादनार्थम्।।"

अर्थात् राधा नाम प्रगट हो गया। श्रीशुकदेव जी ने तो नाम छिपाने का प्रयास किया फिर भी प्रकाशित हो ही गया। आचार्य धनपति सूरि ने भी तदनुरूप ही कहा है। सम्मोहन तन्त्र, गौतमीय तन्त्र, रुद्रयामल तन्त्र, राधातन्त्र, कृष्णयामल, ब्रह्मयामल, माहेश्वर तन्त्र, उर्द्धाम्नाय तन्त्र एवं मन्त्र महोदधि आदि के सन्दर्भों तथा पुराणों के सन्दर्भ यदि राधातत्त्व के सम्बन्ध में एकत्र किया जाय तो पृथक् ग्रन्थ तैयार हो जावेगा। संस्कृत वाङ्मय काव्य साहित्य में, दो सहस्र वर्ष पूर्व लगभग ईसा के पहली शताब्दी में लिखी गई प्राकृत रचना 'गाथा सप्तशती' में राधा का वर्णन प्राप्त है। पंचतन्त्र दूसरी शताब्दी से पाँचवीं शताब्दि के मध्य की रचना में मित्रलाभ–प्रथमतन्त्र में राधा का वर्णन मिलता है। धनंजय कृत "दशरूपक" के चतुर्थ प्रकाश में रुद्रकवि के दो श्लोकों में राधातत्त्व का दर्शन होता है। भट्टनारायण का "वेणीसंहार काव्य" जो कि ७५० ई० के आसपास का माना जाता है प्रथम अंक में केलि कुपिता अश्रुसिक्ता राधा का वर्णन है। ई० ८५० में रचित आनन्दवर्धन का 'धन्वालोक' में 'तेषां गोपवधू विलाससुहृदां राधारहः साक्षिणां.....आदि धन्वालोक द्वितीय उद्योत, कारिका ५ में राधा का प्रसंग है। मालवा के राजा भोज ने 'सरस्वती कण्ठाभरण" में प्राचीन ग्रन्थों से राधा विषयक आठ श्लोक उद्धृत किये हैं। कविवर क्षेमेन्द्र का 'दशावतार' जोकि काश्मीर के प्रौढ़कवि माने जाते हैं उनका काल १०६६ ई० माना जा सकता है। दशावतार चरित में विष्णु के दस

अवतारों का विशद वर्णन है। उसमें कृष्णावतार प्रसंग में राधा को कृष्ण की प्रधान प्रेयसी रूप में दर्शाया गया है। महाकवि कालिदास की रचनाओं में वृन्दावन और राधाकृष्ण का उल्लेख है। विक्रमदेव चरित जो कि काश्मीर के कवि 'विल्हण' रचित उच्चकोटि का ऐतिहासिक काव्य है। विल्हण का समय ग्यारहवीं शताब्दी ईसवी का माना जाता है, राधा के सम्बन्ध में मार्मिक प्रसंग है। झूला प्रसंग में राधा का वर्णन है। उन्होंने वृन्दावन में कई दिनों तक निवास किया ऐसा उल्लेख प्राप्त है। जैन साहित्यकारों में आचार्य हेमचन्द्र जी व्याकरण ग्रन्थ 'काव्यानुशासन' आदि में राधा को प्रधान गोपिका के रूप में दर्शाया है। विरहिनी राधा का भी वर्णन है। इनका काल ई० १०८५–८६ का आँका है।

आचार्य हेमचन्द्र के शिष्य रामचन्द्र सूरि, समय ११०० से ११७५ ई० अनुमानित ने गुणचन्द्र के सहयोग से नाट्यशास्त्र सम्बन्धी 'नाट्य दर्पण' नामक ग्रन्थ लिखा और उसमें दसवीं सदी के पूर्व के भेज्जल कवि लिखित "राधा–विप्रलम्भ" नामक नाटक का उल्लेख है। दसवीं शताब्दी में त्रिविक्रम भट्ट ने 'नल–चम्पू' की रचना की। एक श्लोक के अर्थ में–"कला कौशल से चतुरा राधा, परम पुरुष मायामय केशीहन्ता के प्रति अनुरक्त है।" दसवीं सदी के पूर्वार्द्ध में विभिन्न काव्य के टीकाकार बल्लभदेव ने माघकृत "शिशुपाल वध" के ४–३५ श्लोक व्याख्या में राधाकृष्ण के नाम युक्त एक श्लोक किसी प्राचीन ग्रन्थ से उद्धृत किया है। दसवीं शताब्दी के "सोमदेव सूरि" ने यशस्तिलक में राधा का उल्लेख किया है। ग्यारहवीं सदी के वाक्पति कवि ने राधा को विरहातुर दर्शाया है। कवीन्द्रवचनसमुच्चय रचना दसवीं शताब्दी का माना जाता है उसमें संगृहीत कविताएँ हैं। इसमें राधाकृष्ण सम्बन्धित विभिन्न कवियों के चार पद संगृहीत हैं, निश्चय वे उसकाल से अधिक पुराने रहे होंगे। ११वीं सदी के वाक्पति के पूर्व पिंगलाचार्य "प्राकृत पिंगल सूत्र" एवं लक्ष्मीनाथ कृत वृत्ति में राधाकृष्ण एवं विष्णु का वर्णन प्राप्त होता है। जयदेव कवि कृतः "गीत गोविन्द महाकाव्य" आध्यात्मिक एवं साहित्यिक ख्याति प्राप्त है। इनके समसामयिक कवि

गोवर्धनाचार्य ने गीति काव्य "आर्या सप्तशती" में राधा का वर्णन किया है। परवर्त्ती वैष्णव सम्प्रदाय एवं तदशाखा सम्प्रदायों में विभिन्न रूप में राधा पूजा पाती है। व्रजमण्डल एवं आसपास का क्षेत्र, उड़ीसा, बंगला, विहार, मणिपुर, त्रिपुरा, पंजाब, गुजरात, मध्यभारत एवं हिमाचल के अल्प भागों में, राधाकृष्ण की उपासना प्रचलित है। आसाम के प्राचीन साहित्य में राधा का नाम साधारण गोपिकाओं में है। दक्षिणभारत में श्रीगोदादेवी रंगनायिकी जिन्हें आण्डाल भी कहा जाता है उनकी चेष्टा एवं 'त्रिरुप्पावई' रचना राधा भाव से परिपूरित है। कृष्ण प्राप्ति की चेष्टा इन पदों में समाविष्ट है। धनुर्मासोत्सव श्रीवैष्णव मन्दिरों में गायन एवं विशेष अर्चना होती है।

आजकल के तर्कवादी एवं सुविधावादी कतिपय महाशयों के वृथा तर्क पर राधातत्त्व को अस्वीकार नहीं किया जा सकता। ईसा पूर्व से २१वीं सदी तक विभिन्न प्राचीन संस्कृत काव्यों, प्राकृत पाली साहित्यों में राधा का उल्लेख एक प्राचीनता का प्रमाण है। पुराणों एवं तन्त्रों के प्रमाण को भले ही कोई न माने परन्तु इन वाङ्मय साहित्य के प्रमाण ही यथेष्ट हैं। पाँचवी, छठी शताब्दी के लगभग प्राप्त मूर्तिओं, शिलालेखों और ताम्रपत्रों में भी राधा का स्वरूप का परिज्ञान होता है। पहाड़पुर की मूर्तियों को पुरातत्वविदों ने राधाकृष्ण की प्रेमलीलाओं की मूर्ति रूप में पुष्टि की है। उड़ीसा, असम, मध्यभारत तथा बंगाल के शिलालेखों व ताम्रफलकों का ऐतिहासिक महत्त्व है। बारहवीं सदी तक 'गीतगोविन्द' जयदेव कृत, लीला शुक विल्वमंगल कृत 'कृष्णकर्णामृत' में श्रीराधा पूर्णरूपेण महिमान्वित हैं। भगवान् निम्बार्काचार्य ने द्वैताद्वैतवाद का प्रचार किया। जीव और जगत् की कोई स्वतन्त्र सत्ता नहीं है। वे सर्वेश्वर प्रभु के आश्रित हैं। कृष्ण एवं राधा की समान महत्ता इस सम्प्रदाय में दृष्टिगोचर होती है। राधा कृष्ण के साथ गोलोक धाम निवासिनी है। राधा कृष्ण की ह्लादिनी एवं प्राणेश्वरी है। श्रीचैतन्य सम्प्रदाय एक वृहद्वैष्णव सम्प्रदाय है। इसके मूल प्रवर्त्तक भगवान् श्रीकृष्णचैतन्य महाप्रभु हैं। उनका सिद्धान्त अचिन्त्य भेदाभेदवाद कहलाता है। चैतन्य सम्प्रदाय में राधा का एक विशिष्ट स्थान है। महाप्रभु

चैतन्यदेव ने दास्य, शान्त, सख्य, वात्सल्य एवं मधुर भाव को प्रमुख स्थान दिया। महाप्रभु के इस भावधारा के धारक एवं प्रचारक उनके कृपा पात्रों छह गोस्वामियों श्रीरूप, सनातन, रघुनाथ भट्ट, गोपाल भट्ट, श्रीजीव, रघुनाथदास तथा चौसठ महन्तों ने बंगाल, उड़ीसा, मणिपुर, त्रिपुरा तथा मुख्य रूप से वृन्दावन एवं ब्रजमण्डल में प्रचार–प्रसार किया। मन्दिर, मठ एवं उनमें श्रीराधाकृष्ण युगल उपास्य विग्रह की उपासना का स्थायी प्रचलन हुआ। श्रीकृष्ण अनन्त गुण सम्पन्न पूर्णानन्दघनीभूत विग्रह हैं और श्रीराधा महाभाव स्वरूपा हैं और गोपियाँ प्रेम एवं आनन्द की शक्ति स्वरूपा हैं। महाप्रभुजी अपने प्रकटकाल में अन्तिम द्वादशवर्ष पर्यन्त श्रीराधा की विप्रलम्भ दशा में आस्वादन करते रहे।

वल्लभ सम्प्रदाय के प्रवर्त्तक श्रीवल्लभाचार्य हैं। शुद्धाद्वैत सिद्धान्त के अर्न्तगत इनका मत पुष्टिमार्ग भक्ति कहलाता है। आपने विशुद्ध प्रेम को शुद्ध पुष्टि की संज्ञा दी है, गोपियाँ विशुद्ध प्रेम की ध्वजा हैं। पुष्टि प्रवाह ग्रन्थ में आपका विचार देखा जा सकता है। पुष्टि मार्ग के अनुसार शक्ति, शक्तिमान के अधीन हैं। श्रीराधा और कृष्ण पुष्टिमार्ग में एक हैं। गोपियाँ भी उनसे अभिन्न हैं। इस मत में स्वकीय एवं परकीय भाव दोनों ही स्वीकार्य हैं। आचार्य चरण ने अपने इष्ट को 'मधुराधिपति' कहा है, उनके अंग प्रत्यंग, चेष्टा हाव–भाव सभी मधुराति मधुर हैं। आचार्यचरण ने "परिवृढ़ाष्टकं" में पशुपजा से तात्पर्य राधा का किया है। आचार्य श्री के पश्चात् उनके आत्मज श्रीविट्ठलनाथ गोस्वामी ने इस सम्प्रदाय में अपने साहित्य में राधा रहस्य को उजागर किया। उनके द्वारा रचित, 'भुजंगप्रयाताष्टकं, "राधा प्रार्थना चतुःश्लोकी" 'श्रीस्वामिन्याष्टकं' 'श्रीस्वामिनी स्तोत्रं' तथा "शृंगार–रस–मण्डनम्" राधा उपासना को इस मार्ग में प्रबुद्ध स्थान दिलाया है। डॉ. शशिभूषणदास गुप्त ने इसे चैतन्य मत का प्रभाव कहा है। पुष्टिमार्ग के प्रतिष्ठित आचार्य हरिराय ने कृष्ण के चिन्तन के लिए राधा का चिन्तन माध्यम बताया है। सूरदास के सूरसागर में राधाकृष्ण का प्रेम का विस्तार से वर्णन किया गया है। अष्टछाप कवियों की काव्य धारा में राधा नव

नवायमान हैं। सखी सम्प्रदाय के प्रवर्त्तक स्वामी हरिदास जी हैं, उन्होंने युगल उपासना का सखीभाव से प्रचार किया है उनके रचित 'केलिमाल' निकुञ्जलीला की पराकाष्ठा है। स्वामी जी के राधाकृष्ण का आविर्भाव या अन्तर्ध्यान नहीं है। उनके राधिका और कृष्ण ब्रजविहारी न होकर कुञ्जविहारी हैं और अजन्मा हैं। स्वामी हरिदासजी की भावधारा एवं परम्परा को समुज्वल रूप रस प्रदान करने का श्रेय अष्टाचार्यों को जाता है। भगवत रसिकदेव की वाणी में–

"कोऊ स्वकीया कोउ परकीया, कल्प कियो मतवादि।
जोरी भगवत रसिक को, नित्य अनन्त अनादि।।"

(भगवत रसिकजी की वाणी)

राधावल्लभ सम्प्रदाय के प्रवर्त्तक श्रीहित हरिवंश गोस्वामी जी वंशी के अवतार रूप में मान्य हैं। आपने विशुद्ध प्रेम तत्त्व को ही अनेक रूपों में विद्यमान माना है। नित्य विहार में युगल राधाकृष्ण, वृन्दावनधाम और सहचरीवृन्द यह चारों रूपों में व्याप्त हैं। हरिवंश जी ने कृष्ण की अपेक्षा राधारानी की पूजा आराधना और भक्ति को सर्वाधिक महत्त्व दिया है। अन्य सम्प्रदायों में कृष्ण ही परमतत्त्व हैं और राधा ह्लादिनी शक्ति हैं। परन्तु राधावल्लभ सम्प्रदाय में श्रीराधा परम तत्त्व हैं, स्वयं श्रीकृष्ण उनकी चरण सेवा में लीन हैं। इस सम्प्रदाय में राधारानी ही इष्ट हैं, आचार्या एवं मन्त्रदात्री गुरु और मन्त्ररूपा हैं। सिद्धान्त मुक्तावली में दोहा ५५ में इस प्रकार वर्णन है।

"हित समुद्र हरिवंश जू चित समुद्र घनश्याम।
आनन्द सिन्धु श्रीराधिका भाव सु सेवक नाम।।"

अस्तु। प्रस्तुत "श्रीराधापाठावली" नामक संग्रह ग्रन्थ में वृन्दावन शोध संस्थान में सुरक्षित राधा सम्बन्धित स्तोत्र, कवच, अष्टक, शतनाम एवं सहस्रनामादि क्रमशः उपस्थित किया गया है। इनमें से अधिकांश किसी न किसी रूप में प्रकाशित उपलब्ध है परन्तु संस्थान में प्राचीन हस्तलिपियों में उपलब्ध होना, श्रीराधारानी की कृपा है। फिर भी ब्रह्मयामल का 'राधाया विरुपाक्ष स्तोत्रं" तथा 'श्रीराधा कवचम्' सनत्कुमार

तन्त्रोक्त 'राधासहस्रनाम' एवं गौतमीय तन्त्रोक्त 'राधा स्तवराज' आदि अप्रकाशित ही है। भक्त हृदय महानुभावों एवं साधकों के लिये एक स्थान पर विभिन्न राधारानी सम्बन्धी स्तव स्तोत्रादि संगृहीत होकर प्रकाश में आना एवं "श्रीराधापाठावली" का स्वरूप प्राप्त होने में सर्व प्रथम संस्थान के सभापति मान्यवर श्रीमान् आर. सी. त्रिपाठी, पूर्व महासचिव, राज्य सभा, नई दिल्ली, मान्यवर निदेशक श्रीमान् आर. डी. पालीवाल सहायक जिलाधिकारी, मथुरा, संस्थान के सचिव श्रीमान् राजकुमार गुप्त एडवोकेट, अलीगढ़, डॉ. नरेशचन्द्र बंसल, पूर्व निदेशक शोध संस्थान के हम विशेष ऋणी हैं जिन्होंने इस कार्य हेतु आज्ञा प्रदान की एवं उत्साह बढ़ाया। संस्थान के सभी सहकर्मियों को धन्यवाद एवं कृतज्ञता ज्ञापन करता हूँ। पाठक वर्गों से निवेदन है कि यदि कोई अशुद्धि दृष्टिगोचर हो तो सूचित करें ताकि आगामी प्रकाशन में सुधार कर लिया जाये।

निवेदक :

गोपालचन्द्र घोष

अनुक्रम

क्र.	विवरण		पृष्ठ
१.	श्रीराधिकोपनिषत्	ऋग्वेद	१७
२.	श्रीराधिका तापिनी उपनिषद्	अथर्ववेद	२०
३.	श्रीराधिका कवचं	ब्रह्मवैवर्त्तपुराण	२३
४.	श्रीराधिका कवचं	नारद पांचरात्र	२७
५.	श्रीराधाया सप्तत्रिंशनाम स्तोत्रम्	नारद पांचरात्र	३१
६.	श्रीराधा कवचं	ब्रह्मयामल	३२
७.	त्रैलोक्य विक्रम–राधा कवचं	सम्मोहन तन्त्र	३५
८.	श्रीराधास्तोत्रम्	सनत्कुमार संहिता	३६
९.	श्रीराधिका अष्टोत्तरशतनामस्तोत्रं	ऊर्द्धाम्नाय तन्त्र	४१
१०.	श्रीराधाकृपाकटाक्ष स्तोत्रं	ऊर्द्धाम्नाय तन्त्र	४४
११.	श्रीराधिका स्तवराज	गौतमीय तन्त्र	४७
१२.	श्रीराधाया विरूपाक्ष स्तुतिः	ब्रह्मयामल	५१
१३.	श्रीराधिका सहस्रनाम स्तोत्रं	सनत्कुमार तन्त्र	५५
१४.	श्रीराधाष्टकम्	जगद्गुरु श्रीनिम्बार्काचार्य	६६
१५.	श्रीराधिकाऽष्टोत्तरशतनाम स्तोत्रं	भगवान् श्रीकृष्णचैतन्य महाप्रभु	६८
१६.	चाटुपुष्पाञ्जलि स्तोत्रः	श्रीपाद रूप गोस्वामी	७१
१७.	श्रीराधिकायाः प्रेमाम्भोज मरन्दाख्य स्तवराजः	श्रीमद्रघुनाथदास गोस्वामी	७५
१८.	श्रीराधिका स्तुति	श्रीप्रबोधानन्द सरस्वती	७८
१९.	श्रीराधा–प्रार्थना चतुःश्लोकी	श्रीविट्ठलनाथ गोस्वामी	८०
२०.	श्रीराधिकाष्टक	श्रीमोहनचन्द्र गोस्वामी	८२
२१.	श्रीराधिकाष्टकम्	श्रीकृष्णदास कविराज गोस्वामी	८५
२२.	श्रीराधिका ध्यानामृत स्तोत्रं	श्रीविश्वनाथ चक्रवर्त्ती	८८
२३.	श्रीराधाष्टकम्	अज्ञात भक्त	९४
२४.	श्रीराधा स्तोत्रम्	श्रीवनमालिदास शास्त्री	९७
२५.	श्रीराधिका यन्त्र एवं पूजा विधि	सम्पादक	९९

श्रीश्रीराधा–कृष्ण
बंगला शैली का एक प्राचीन चित्र

बाबा श्रीगौरांगदास जी महाराज द्वारा सेवित
श्रीश्रीप्रिया–प्रियतम, रमणरेती, वृन्दावन

ऋग्वेदान्तर्गत

श्रीराधिकोपनिषत्

वेदों में मन्त्र अमोघ हैं एवं उसका तात्पर्य तथा रहस्य विद्वानों ने विभिन्न रूपों में प्रस्तुत किया है। कुछ विद्वानों के मतानुसार जिन उपनिषदों की टीका जगद्गुरु शंकराचार्य पाद ने नहीं की वे सभी परवर्त्तीकाल की हैं। यह अवधारणा सीमित है। क्योंकि अनेक आचार्य एवं विद्वान शैव तथा वैष्णव उपनिषद् के रूप में विभाजन कर प्रसंगतः सन्दर्भ प्रस्तुत करते रहे हैं। आखिर वे भी मनीषि थे, चिन्तक थे, भक्त एवं उपासक थे, अतः 'राधिकोपनिषत्' को भक्त एवं उपासकों के लिए उपस्थित किया है। ऋग्वेद राधिकोपनिषत् के आधार पर कृष्ण की आह्लादिनी शक्ति, सभी शक्तियों में प्रधान हैं। यही परमाशक्ति श्रीराधा हैं। ये कृष्ण की आराधिका हैं और कृष्ण इनकी आराधना करते हैं। दार्शनिक भित्ति पर परस्पर अभिन्न हैं। मूल प्रकृति रूप में मान्यता है।

श्रीश्रीराधिकायै नमः

श्रीराधिकोपनिषद्

ॐ अथोर्ध्वमन्थिन ऋषयः सनकाद्या भगवन्तं हिरण्यगर्भमुपासित्वोचुः। देव कः परमोदेवः का वा तच्छक्तयः, ता सु.च का वरीयसी भवतीति सृष्टि हेतु भूता च ? एभिः सहोवाच–'हे पुत्रकाः शृणुतेदं हुवाव गुह्यादगुह्यतरम प्रकाश्यं यस्मै कस्मै न देयम्। स्निग्धाय ब्रह्मवादिने गुरुभक्ताय देयमन्यथादातुर्महदघं भवतीति। कृष्णो ह वै हरिः परमो देवः षड़विधैश्वर्य परिपूर्णो भगवान् गोपीगोपसेव्यो वृन्दाऽऽराधितो वृन्दावनाधिनाथः स एक एवेश्वरः तस्य ह वै हे तनुर्नारायणोऽखिल ब्रह्माण्डाधिपतिरेकोशः प्रकृतेः प्राचीनो नित्यः एवं हि तस्य शक्तयस्त्वदेकधा। आह्लादिनी सन्धिनीज्ञानेच्छाक्रियाद्याः शक्तयः तास्वाह्लादिनी वरीयसी परमान्तरंगभूता राधा। कृष्णेन आराध्यते इति राधा। कृष्णं समाराधयति सदेति राधिका गान्धर्वेति व्यपदिश्यत इति। अस्या एव कायव्यूहरूपा गोप्यो महिष्यः श्रीश्चेति। ये यां राधा यश्च कृष्णो रसाब्धिर्देहेनैकः क्रीड़नार्थं द्विधाऽभूत्। एषा वै हरेः सर्वेश्वरी सर्वविद्या सनातनी कृष्ण प्राणाधिदेवीचेति, विभक्ते वेदाः स्तुवन्ति, यस्या गतिं ब्रह्मभागा वदन्ति। महिमाऽस्याः स्वायुर्माने नापिकालेन वक्तुं न चेत्सहे। सैवं यस्य प्रसीदति, तस्य करतल विकलितं परमं धामेति। एतामवज्ञाय यः कृष्णमाराधयितुमिच्छति, स मूढ़तमो मूढ़तमश्चेति। अथ हैतानि नामानि गायन्ति श्रुतयः।

राधा रासेश्वरी रम्या कृष्णमन्त्राधिदेवता।
सर्वाद्या सर्ववन्द्या च वृन्दावन विहारिणी।।
वृन्दाराध्या रमाऽशेष गोपीमण्डल पूजिता।
सत्या सत्य परा सत्यभामा श्रीकृष्ण वल्लभा।।
वृषभानु सुता गोपी मूल प्रकृतिरीश्वरी।
गान्धर्वा राधिका रम्या रुक्मिणी परमेश्वरी।।
परात्परतरापूर्णा पूर्णचन्द्र निभानना।
मुक्ति भुक्ति प्रदा नित्यं भव व्याधिविनाशिनी।।

इत्येतानि नामानि यः पठेत्स जीवन्मुक्तो भवति। इत्याह हिरण्यगर्भो भगवानिति। सन्धिनी तु धाम भूषण शय्यासनादिभिन्न भृत्यादिरूपेण परिणता मृत्युलोकावतारण काले मातृपितृरूपेण चाऽऽसीदित्यनेकावतार कारण ज्ञान शक्तिस्तु क्षेत्रज्ञशक्तिरिति। इच्छान्तर्भूता माया सत्व रजस्तमोमयि वहिरंगा जगत्कारणभूता सैवाऽविद्या रूपेण जीवबन्धनभूता सैवाऽविद्या रूपेण जीव–बन्धनभूता क्रिया शक्तिस्तु लीलाशक्तिरिति इमामुपनिषदमधीते, सोऽव्रती व्रती भवति, सर्वतीर्थेषु स्नातो भवति, सोऽग्निपूतो भवति, स वायुपूतो भवति, स सर्वपूतो भवति, राधाकृष्ण प्रियः भवति स यावच्चक्षुः पात पंक्ती पुनाति। ॐ तत्सत् इति ऋग्वेदे• ब्रह्मभागे परम रहस्ये श्रीराधिकोपनिषत् सम्पूर्णम्।।

• किन्ही किन्ही प्रतियों में अथर्ववेदे भी उल्लेख है।

अथर्ववेदोक्त

राधिका तापिनी उपनिषद्

राधिका तापिनी उपनिषद् की धारणा अथर्ववेद में की गई है। इसमें राधिका जी की सशक्त स्तुति है और सर्वश्रेष्ठ बतलाई गई है। श्रीकृष्ण का प्रेम एवं अखण्ड आनन्द की अनुभूति राधा के कारण है। सम्पूर्ण उपास्य देवताओं में देवत्व शक्ति राधिका तत्त्व से प्रकट होती हैं। सर्वशक्तिमयी राधा की लवलेशमात्र कृपा से देवगण प्रसन्न होकर नृत्य करते हैं और ईषत भ्रूवक्र होने पर काँप उठते हैं। वे सदा दूषण से रहित रहने हेतु राधाजी की प्रार्थना करते हैं।

राधा और कृष्ण दोनों एक अखण्ड रस के सागर हैं, मात्र भक्तों को आनन्द प्रदान करने और लीला सम्पादनार्थ एक प्राण दो देही रूप में विराजित हैं। जिन्होंने वृन्दावन में अद्भुत रासकेलि द्वारा देव, गन्धर्व, किन्नर, चर–अचर सभी को प्रेमोन्मत्त कर दिया, उन परमानन्दमय रसराशि को प्रणाम एवं वन्दनात्मक यह उपनिषद् है। वैष्णव आचार्यों ने इस उपनिषद् का उद्धरण यथा स्थान पर सन्निवेश किया है।

श्रीराधिका तापिनी उपनिषद्

।। श्रीगणेशाय नमः ।।

ॐ भद्र कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्र पश्ये मोक्षभिर्यजत्राः।
स्थिरै रंगैस्तुष्टुवासस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः।।
ॐ शान्ति ! ॐ शान्ति ! ॐ शान्ति !

ब्रह्मवादिनो वदन्ति, कस्माद्राधिकामुपासते आदित्यो–ऽभ्यद्रवत्।।१।। श्रुतयः ऊचुः। सर्वाणि राधिकाया दैवतानि सर्वाणि भूतानि राधिकायास्तां नमामः।।२।। देवतायतनानि कम्पन्ते राधाया हसन्ति नृत्यन्ति च सर्वाणि राधा दैवतानि। सर्व पाप क्षमायेति व्याहृतिभिर्हुत्वायथ राधिकायै नमामः।।३।। भासा यस्याः कृष्ण देहोऽपि गौरो जायते देवस्येन्द्रनीलप्रभस्य। भृंगाः काकाः कोकिलाश्चापि गौरास्तां राधिकां विश्वधात्री नमामः।।४।। यस्या अगम्यतां श्रुतयः सांख्ययोगा वेदान्तानि ब्रह्मभावं वदन्ति। न यां पुराणानि विदन्ति सम्यक् तां राधिकां देवधात्रीं नमामः।।५।। जगद्भर्त्तुविश्वसम्मोहनस्य श्रीकृष्णस्य प्राणतोऽधिकामपि। वृन्दारण्ये स्वेष्टदेवीं च नित्यं तां राधिकां वरधात्रीं नमामः।।६।। यस्य रेणुं पादयोर्विश्वभर्त्ता धरते मूर्ध्नि रहसि प्रेमयुक्तः स्रस्तवेणुः कवरीं न स्मरेद्यल्लीनः क्रीतवत्तु तां नमामः।।७।। यस्याः क्रीड़ां चन्द्रमा देवपत्न्यो दृष्ट्वा नग्ना आत्मनो न स्मरन्ति। वृन्दारण्ये, स्थावरा, जंगमाश्च भावाविष्टां राधिकां तां नमामः।।८।। यस्या अंके विलुण्ठन् कृष्ण देवो गोलोकाख्यं नैव सस्मार धामपदं सांशा कमला शैलपुत्री तां राधिकां शक्तिधात्रीं नमामः ।।९।। स्वरैः ग्रामैश्च त्रिभिर्मूर्च्छनाभिर्गीतां देवीं सखिभिः प्रेमवद्धा। ब्राह्मीं निशां

अथर्ववेदोक्त

राधिका तापिनी उपनिषद्

राधिका तापिनी उपनिषद् की धारणा अथर्ववेद में की गई है। इसमें राधिका जी की सशक्त स्तुति है और सर्वश्रेष्ठ बतलाई गई है। श्रीकृष्ण का प्रेम एवं अखण्ड आनन्द की अनुभूति राधा के कारण है। सम्पूर्ण उपास्य देवताओं में देवत्व शक्ति राधिका तत्त्व से प्रकट होती हैं। सर्वशक्तिमयी राधा की लवलेशमात्र कृपा से देवगण प्रसन्न होकर नृत्य करते हैं और ईषत भ्रूवक्र होने पर काँप उठते हैं। वे सदा दूषण से रहित रहने हेतु राधाजी की प्रार्थना करते हैं।

राधा और कृष्ण दोनों एक अखण्ड रस के सागर हैं, मात्र भक्तों को आनन्द प्रदान करने और लीला सम्पादनार्थ एक प्राण दो देही रूप में विराजित हैं। जिन्होंने वृन्दावन में अद्‌भुत रासकेलि द्वारा देव, गन्धर्व, किन्नर, चर–अचर सभी को प्रेमोन्मत्त कर दिया, उन परमानन्दमय रसराशि को प्रणाम एवं वन्दनात्मक यह उपनिषद् है। वैष्णव आचार्यों ने इस उपनिषद् का उद्धरण यथा स्थान पर सन्निवेश किया है।

श्रीराधिका तापिनी उपनिषद्

।। श्रीगणेशाय नमः ।।

ॐ भद्र कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्र पश्ये मोक्षभिर्यजत्राः।
स्थिरै रंगैस्तुष्टुवासस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः।।
ॐ शान्ति ! ॐ शान्ति ! ॐ शान्ति !

ब्रह्मवादिनो वदन्ति, कस्माद्राधिकामुपासते आदित्यो–ऽभ्यद्रवत्।।१।। श्रुतयः ऊचुः। सर्वाणि राधिकाया दैवतानि सर्वाणि भूतानि राधिकायास्तां नमामः।।२।। देवतायतनानि कम्पन्ते राधाया हसन्ति नृत्यन्ति च सर्वाणि राधा दैवतानि। सर्व पाप क्षमायेति व्याहृतिभिर्हुत्वायथ राधिकायै नमामः।।३।। भासा यस्याः कृष्ण देहोऽपि गौरो जायते देवस्येन्द्रनीलप्रभस्य। भृंगाः काकाः कोकिलाश्चापि गौरास्तां राधिकां विश्वधात्री नमामः।।४।। यस्या अगम्यतां श्रुतयः सांख्ययोगा वेदान्तानि ब्रह्मभावं वदन्ति। न यां पुराणानि विदन्ति सम्यक् तां राधिकां देवधात्रीं नमामः।।५।। जगद्भर्त्तुंविश्वसम्मोहनस्य श्रीकृष्णस्य प्राणतोऽधिकामपि। वृन्दारण्ये स्वेष्टदेवीं च नित्यं तां राधिकां वरधात्रीं नमामः।।६।। यस्य रेणुं पादयोर्विश्वभर्त्ता धरते मूर्ध्नि रहसि प्रेमयुक्तः स्रस्तवेणुः कवरीं न स्मरेद्यल्लीनः क्रीतवत्तु तां नमामः।।७।। यस्याः क्रीड़ां चन्द्रमा देवपत्न्यो दृष्ट्वा नग्ना आत्मनो न स्मरन्ति। वृन्दारण्ये, स्थावरा, जंगमाश्च भावाविष्टां राधिकां तां नमामः।।८।। यस्या अंके विलुण्ठन् कृष्ण देवो गोलोकाख्यं नैव सस्मार धामपदं सांशा कमला शैलपुत्री तां राधिकां शक्तिधात्रीं नमामः ।।९।। स्वरैः ग्रामैश्च त्रिभिर्मूर्च्छनाभिर्गीतां देवीं सखिभिः प्रेमवद्धा। ब्राह्मीं निशां

याऽतनोदेक शक्त्या वृन्दारण्ये राधिकां तां नमामः।।१०।। क्वचिद्भूत्वा द्विभुजा कृष्णदेहा वंशीरन्ध्रैवादयामासचक्रे। यस्या भूषां कुन्दमन्दार पुष्पैर्मालां कृत्वाअनुनयेद्देवदेवः।।११।। येयं राधा यश्च कृष्णो रसाब्धिदेहश्चैकः क्रीडनार्थं द्विधाऽभूत्। देहोयथा छायया शोभमानः शृण्वन् पठन् याति तद्धाम् शुद्धम्।।१२।। वशिष्ठं च वृहस्पतिं चार्वागध्यापयति यजमानस्यर्बाहस्पत्यश्च।।१३।।

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णत्पूर्ण मुदच्यते।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते।।
ॐ शान्ति ! ॐ शान्ति ! ॐ शान्ति !

इति श्रीराधिका तापिनी उपनिषद् समाप्तं।।

ब्रह्मवैवर्त्तपुराणोक्त

श्रीराधिकाकवचम्

ब्रह्मवैवर्त्त पुराण में राधातत्त्व का सशक्त प्रमाण उपस्थित किया गया है। कहते हैं–'राधा शब्दस्य व्युत्पत्तिः सामवेदे निरूपिता' अर्थात् राधा शब्द की व्युत्पत्ति का निरूपण सामवेद में हुआ है। राधा उपासना का विवरण इस पुराण में प्रचुर मात्रा में है। प्रकृति खण्ड के अध्याय ५५ में राधा ध्यानं, षोड़शोपचार पूजा, स्तुति एवं ५६वें अध्याय में श्रीराधा कवच में सर्वशक्तिमयी राधा के मन्त्रात्मक रक्षा हेतु विधान है। इसका पाठ एवं ध्यान तथा धारण करने वाला सभी विपत्तियों से रक्षा पायेगा, आध्यात्मिक, ऐश्वर्य, स्मृति, पराज्ञान, प्रेमाभक्ति आदि का लाभ प्राप्त होगा। बंगाल, उड़ीसा, त्रिपुरा आदि प्रान्तों में इस कवच का धारण एवं पठन श्रद्धा से सम्पन्न होता है। मिथिला एवं तिरहूत में भी पाठ होता है।

श्रीराधिका-कवचम्

।। श्रीगणेशाय नमः।।

महेश्वर उवाच

श्रीजगन्मंगल स्यास्य कवचस्य प्रजापतिः।।१।।
ऋषिश्छन्दोऽस्य गायत्री देवी रासेश्वरी स्वयं।
श्रीकृष्ण भक्ति सम्प्राप्ति विनियोगः प्रकीर्त्तितः।।२।।
शिष्याय कृष्ण भक्ताय ब्राह्मणाय प्रकाशयेत्।
शठाय परशिष्याय दत्त्वा मृत्युमवाप्नुयात्।।३।।
राज्यं देयं शिरो देयं न देयं कवच प्रिये।
कण्ठे धृत मिदं भक्तया कृष्णेन परमात्मना।।४।।
मया दृष्टं च गोलोके ब्रह्मणा विष्णुना पुरा।
ॐ राधेति चतुर्थ्यन्तं बह्नि जायान्त मेव च।।५।।
कृष्णेनोपासितो मन्त्रः कल्प-वृक्षः शिरोऽवतु।
ॐ ह्रीं श्रीं राधिकांगेन्तं बह्नि जायान्त मे वच।।६।।
कपालं नेत्र युग्मं च श्रोत्र युग्मं सदाऽवतु।
ॐ रां ह्रीं श्रीं राधिकांगेन्तं बह्नि जायान्तमेवच।।७।।
मस्तकं केश संघाश्च मन्त्र राजः सदाऽवतु।
ॐ रां राधेति चतुर्थ्यन्तं बह्नि जायान्त मेव च।।८।।
सर्वसिद्धि प्रदः पातु कपोलं नासिका मुखम्।
क्लीं श्रीं कृष्णप्रियांगेतं कण्ठं पातु नमोऽन्तकम्।।९।।
ॐ रां रासेश्वरींगेतं स्कन्धं पातु नमोऽन्तकम्।
ॐ रां रासविलासिन्यै स्वाहा पृष्ठं सदाऽवतु।।१०।।
वृन्दावन विलासिन्यै स्वाहा वक्ष सदाऽवतु।
तुलसीवन वासिन्यै स्वाहा पातु नितम्बकम्।।११।।

कृष्णप्राणाधिकांगेतं स्वाहान्तं प्रणवादिकम्।
पादयुग्मं च सर्वांगं सततं पातु सर्वतः।।१२।।
राधा रक्षतु प्राच्यां च बह्नौ कृष्णप्रियाऽवतु।
वक्षे रासेश्वरी पातु गोपीशा नैऋतेऽवतु।।१३।।
पश्चिमे निर्गुणा पातु बायव्ये कृष्ण पूजिता।
उत्तरे सततं पातु मूल प्रकृतिरीश्वरी।।१४।।
सर्वेश्वरी सदैशान्या पातु मां सर्वपूजिता।
जले स्थले चान्तरीक्षे स्वप्ने जागरणे तथा।।१५।।
महाविष्णोश्च जननी सर्वतः पातु सन्ततम्।
कवच कथितं दुर्गे श्रीजगन्मंगलम् परम्।।१६।।
यस्मै कस्मै न दातव्यं गुह्याद गुह्यतरं परम्।
तव स्नेहान्मयाख्यातं प्रवक्तव्यं न कस्यचित्।।१७।।
गुरुमभ्यर्च्य विधिवत् वस्त्रालंकार चन्दनैः।
कण्ठे वा दक्षिणेबाहौ धृत्वा विष्णु समोभवेत्।।१८।।
शत लक्ष जपे नैव सिद्धं च कवचं भवेत्।
यदि स्यात सिद्ध कवचो न दग्धो वह्निना भवेत्।।१९।।
एतस्मात् कवचाद् दूर्गे राजा दुर्योधनः पुरा।
बिशारदो जलस्तम्भे बह्निस्तम्भे च निश्चितम्।।२०।।
मया सनत्कुमाराय पुरा दत्तं च पुष्करे।
सूर्य पर्वणि मेरौ च स सान्दीपनये ददौ।।२१।।
बलाय तेन दत्तं च ददौ दुर्योधनाय सः।
कवचस्य प्रसादेन जीवन मुक्तो भवेन्नरः।।२२।।
नित्य पठति भक्त्येदं तन्मंत्रोपासकाश्चयः।
विष्णुतुल्यो भवेन्नित्यं राजसूय फलं लभेत्।।२३।।
स्नानेन सर्वतीर्थानां सर्व दानेन यत्फलम्।
सर्व व्रतोपवासे च पृथिव्याश्च प्रदक्षिणे।।२४।।
सर्वं यज्ञेषु दीक्षायां नित्यं च सत्य रक्षणो।
नित्यं श्रीकृष्ण सेवायां कृष्ण नैवेद्य भक्षणे।।२५।।

पाठे चतुर्णां वेदानां यत्फलं च लभेन्नरः।
तत्फलं लभते नूनं पठनात् कवचस्य यः।।२६।।
राजद्वारे श्मशाने च सिंह व्याघ्रान्विते बने।
दावाग्नौ संकटे चैव दस्यु चौरान्विते भये।।२७।।
कारागारे विपदगस्ते घोरे च दृढ़ बन्धने।
व्याधियुक्तो भवेन्मुक्तो धारणात् कवचस्य च।।२८।।
इत्येतत्कथितं दुर्गे तवेदं च महेश्वरी।
त्वमेव सर्वरूपा मां माया पृच्छसि मायया।।२९।।

।। श्रीनारायण उवाच।।

इत्युक्त्वा राधिकाख्यानं स्मारं स्मारं च माधवम्।
पुलकांकित सर्वांगः साश्रु नेत्र बभूव सः।।३०।।
न कृष्ण सदृसो देवो न गंगा सदृसी सरित्।
न पुष्कर समं तीर्थं नाश्रमो ब्राह्मणात् परम्।।३१।।
परमाणु परं सूक्ष्मं महाविष्णोः परो महान।
नमः परं च विस्तीर्णं यथा नास्त्येव नारदः।।३२।।
तथा न वैष्णवाद् ज्ञानी योगीन्द्रः शंकरात परः।
काम क्रोध लोभ मोहा जितास्ते नैव नारदः।।३३।।
स्वप्ने जागरणे शश्वत् कृष्ण ध्यान रतः शिवः।
यथा कृष्णस्तथा शम्भुर्नभेर्दो माधवेशयोः।।३४।।
यथा शंभुवैष्णवेषु यथा देवेषु माधवः।
तथेदं कवचं वत्स कवचेषु प्रशस्तकम्।।३५।।

इति श्रीब्रह्मवैवर्त्त पुराणे प्रकृति खण्डे ५६तम अध्याये
श्रीराधिका कवचम् सम्पूर्ण।।

नारद पांचरात्र में

ज्ञानामृतसारे श्रीराधिका कवचं

तथा

श्रीराधाया सप्तत्रिंशनाम स्तोत्रम्

नारद पांचरात्र वैष्णव सम्प्रदाय का एक प्रसिद्ध प्रामाणिक ग्रन्थ है। वैष्णव उपासना, सदाचार, भक्ति, वैराग्य आचार संहिता, अनुष्ठान आदि का सम्यक् प्रामाणिक ग्रन्थ है। भगवान् शंकर ने देवर्षि नारद से कहा—श्रीराधा की महिमा विलक्षण है, नवनवायमान, रहस्यमयी, अति दुर्लभ, भुक्ति मुक्ति प्रदाता, निर्मल वेद की सार रूपा अतिशय पुण्य दायिनी है। जैसे कृष्ण अजन्मा हैं वैसे ही राधा अजन्मा एवं परा शक्ति हैं। हरि के समान ही नित्य हैं। "ज्ञानामृतसारे श्रीराधिका कवचं" और "श्रीराधाया सप्तत्रिंश नामानि" का अध्ययन, स्मरण, ध्यान एवं धारण से मनुष्य कृपा प्राप्त करता है। सभी मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं। सुख, शान्ति, यश, कीर्त्ति का विस्तार होता है।

।। श्रीराधिकायै नमः।।

श्रीराधिका-कवच

।। पार्वत्युवाच।।

कैलाश-वासिन् भगवन् भक्तानुग्रहकारक।
राधिका-कवचं पुण्यं कथयस्व मम प्रभो।।१।।
यद्यस्ति करुणा नाथ त्राहिमां दुःखितो भयात्।
त्वमेव शरणं नाथ शूलपाणे ! पिनाकिधृक्।।२।।

।। शिव उवाच ।।

शृणुस्व गिरिजे तुभ्यं कवचं पूर्व-सूचितम्।
सर्वरक्षाकरं पुण्यं सर्व हत्या हरं परम्।।३।।
हरि भक्ति-प्रदं साक्षात् भुक्ति-मुक्ति प्रसाधनम्।
त्रैलोक्याकर्षणं देवि हरि सान्निध्यकारकम्।।४।।
सर्वत्र जयदं देवि सर्व शत्रुभयापहम्।
सर्वेषां चैव भूतानां मनोवृत्तिहरं परम्।।५।।
चतुर्धा मुक्ति-जनकं सदानन्द-करं परम्।
राजसूयाश्वमेधानां यज्ञानां फलदायकम्।।६।।
इदं कवचमज्ञाप्त्वा राधा-मन्त्रं च यो जपेत्।
स नाप्नोति फलं तस्य विघ्नस्तस्य पदे पदे।।७।।
ऋषिरस्य महादेवोऽनुष्टुप छन्दश्च कीर्त्तितः।
राधाऽस्यदेवता प्रोक्ता रां बीजं कीलकं स्मृतम्।।८।।
धर्मार्थ काम मोक्षेषु विनियोगः प्रकीर्त्तितः।
श्रीराधा मे शिरः पातु ललाटं राधिका तथा।।९।।
श्रीमती नेत्र-युगलं कर्णो गोपेन्द्र-नन्दिनी।
हरिप्रिया नासिकां च भ्रू युगं शशि शोभना।।१०।।
ओष्ठं पातु कृपा देवी अधरं गोपिका तथा।
वृषभानुसुता दन्तांश्चिबुकं गोपनन्दिनी।।११।।

चन्द्रावली पातु गण्डं जिह्वां कृष्ण-प्रिया तथा।
कण्ठं पातु हरि-प्राणा हृदयं विजया तथा।।१२।।
बाहू द्वौ चन्द्र-वदना उदरं सुबल स्वसा।
कटि योगान्विता पातु पादौ सौभद्रिका तथा।।१३।।
नखांश्चन्द्रमुखी पातु गुल्फौ गोपाल वल्लभा।
जानुदेशं जया पातु हरिणी पातु सर्वतः।।१४।।
वाक्यं वाणी सदा पातु धनागारं धनेश्वरी।
पूर्वां दिशं कृष्णरता कृष्णप्राणा च पश्चिमाम्।।१५।।
उत्तरां हरिता पातु दक्षिणे वृषभानुजा।
चन्द्रावली निशामेव दिवा क्ष्वेडित मेखला।।१६।।
सौभाग्यदा मध्यदिने सायान्हे काम रूपिणी।
रौद्री प्रातः पातु मां हि गोपिनी रजनीक्षये।।१७।।
हेतुदा संगमे पातु केतुमाला दिवार्द्धके।
शेषाऽपराह्न समये शमिता सर्व सन्धिषु।।१८।।
योगिनी भोग-समये रतौ रति प्रदा सदा।
कामेशी कौतुकी नित्यं योगे रत्नावली मम।।१९।।
सर्वत्र सर्वकार्येषु राधिका कृष्ण-मानसा।
इत्येतत्कथितं देवि कवचं परमाद्भुतम्।।२०।।
सर्वरक्षाकर नाम महारक्षाकरं परम्।
प्रातर्मध्याह्न-समये सायाह्ने प्रपठेद्यदि।।२१।।
सर्वार्थ-सिद्धिस्तस्य स्यात् यद्यन्मनसि वर्त्तते।
राजद्वारे सभायां च संग्रामे शत्रुसंकटे।।२२।।
प्राणार्थ नाश समये यः पठेत् प्रयतो नरः।
तस्य सिद्धि भवेद्देवि न भयं विद्यते क्वचित्।।२३।।
आराधिता राधिका च तेन सत्यं न संशयः।
गंगास्नानाद्धरेर्नाम ग्रहणाद्यत्फलं लभेत्।।२४।।
तत्फलं तस्य भवति यः पठेत् प्रयतः शुचिः।
हरिद्रारोचनाचन्द्रामण्डितं हरिचन्दनम्।।२५।।

कृत्वा लिखित्वा भूर्जे च धारयेत् मस्तके भुजे।
कण्ठे वा देवदेवेशि स हरिर्नात्र संशय।।२६।।
कवचस्य प्रसादेन ब्रह्मा सृष्टिं स्थितिं हरिः।
संहारं चाहं नियतं करोमि कुरुते तथा।।२७।।
वैष्णवाय विशुद्धाय विराग गुण शालिने।
दद्यात् कवचमव्यग्रमनन्यं धर्ममाप्नुयात्।।२८।।

इति श्रीनारद पंचरात्रे
ज्ञानामृत सारे श्रीराधिका कवचं सम्पूर्णम्।।

श्रीराधायाः सप्तत्रिंशन्नाम स्तोत्रम्

राधा रासेश्वरी रम्या परमा च परात्मिका।
रासोद्भवा कृष्णकान्ता कृष्णवक्षःस्थलस्थिता।।१।।
कृष्ण प्राणाधिका देवी महाविष्णुप्रसूरपि।
सर्वाद्या विष्णुमाया च सत्यासत्या सनातनी।।२।।
ब्रह्मस्वरूपा परमा निर्लिप्ता निर्गुणा परा।
वृन्दावनेशा विजया यमुना तट वासिनी।।३।।
गोपांगनानां प्रथमा गोपीशा गोपमातृका।
सानन्दा परमानन्दा नन्दनन्दन-कामिनी।।४।।
वृषभानुसुता शान्ता कान्ता पूर्णतमस्य च।
काम्या कलावतीकन्या तीर्थपूता सती शुभा।।५।।
सप्तत्रिंश्च नामानि वेदोक्तानि शुभानि च।
सारभूतानि पुण्यानि सर्व नामसु नारद।।६।।
यः पठेत् संयतः शुद्धो विष्णुभक्तो जितेन्द्रियः।
इहैव निश्चलां लक्ष्मीं लब्ध्वा याति हरेः पदम्।।७।।
स्तोत्र-स्मरणमात्रेण जीवन्मुक्तो भवेन्नरः।
पदेपदेऽश्वमेधस्य लभते निश्चितं फलम्।।८।।
कोटि जन्मार्जितात् पापान् ब्रह्महत्या-शतादपि।
